**प्रधान आयुक्त का कार्यालय, केन्द्रीय माल एवं सेवाकर, दिल्ली दक्षिण**

**दूसरी एवं तीसरी मंजिल, ई आई एल एनेक्सी बिल्डिंग, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली** -110066

**फा.सं.** II -22(2)/**प्रशासन /सीजीएसटी दिल्ली दक्षिण /एसबी/** 2018 **दिनांक**: 23.02.2018

**अनुसूची एवं विनिर्देश**

| क्रम संख्या | कार्य का प्रकार |
|---|---|
| 01. | **दूसरी एवं तीसरी मंजिल पर पुराने नष्ट पुरुष शौचालय का विखंडन ( शौचालय फिक्स्चर, आरसीसी काउंटर/ लिंटल, आधा/ पूरा इंट कार्य/ शौचालय के आंतरिक पाइप लाइन' को निकालना जैसी जरूरतों सहित )** |
| 02. | **रिसाव रोकने के लिए दूसरी मंजिल पर शौचालय की छत की मरम्मत** |
| 03. | 12 **मिमी** x 15 **मिमी मोटी प्लास्टर मेसन और री दीवारों आदि पर सीमेंट मोर्टार** 1:4 **उपलब्ध करना एवं लगाना ( 1 सीमेंट : 4 बारीक एवं खुरदरा बालू ) से अंतिम रूप निखारना जिसमे दोनों शौचालयों के दीवारों को तोडना/ खुरचना शामिल होगा** |
| 04. | **प्ते पर उपलब्ध करना और लगाना** |
| 05. | **सभी उंचाई एवं चरणों के लिए 115मिमी की चौड़ाई की आधी इंट की चिनाई जो चयनित श्रेणी की बर्न्ट क्ले** 75 **पद की एफपीएस ईंट सीमेंट मोर्टार में विशेष संरचना** 1:4(( 1 **सीमेंट : 4 बारीक एवं खुरदरा बालू ) से बना हो मिक्स बिंदु पूरा हो, फ्लश / की ढलाई 6 मिमी की गहरे टक जिसमे 6मिमी की व्यास की एक बार हर चौथे कोर्स पर उपलब्ध करना और लगाना शामिल होगा** |
| 06. | **परीक्षित एवं चालू करना**<br>(i) **वाटर क्लोसेट वाटर सेंसर सहित ( भारत में निर्मित )**<br>(ii) **वाश बेसिन वाटर सेंसर सहित ( भारत में निर्मित )**<br>(iii) **हेल्थ फौसेट वाटर सेंसर सहित ( भारत में निर्मित )**<br>(iv) **एंगल वाल्व ( भारत में निर्मित )**<br>(v) **बोतल ट्रैप ( भारत में निर्मित )**<br>(vi) **पेपर होल्डर ( भारत में निर्मित )** |
| 07. | **सीपीवीसी बी क्लास पाइपलाइन सभी साजोसामान एल्बो, बेंड,एफटी, एमटी, सॉकेट, बाल वाल्व, टेफ़लोन ताप, रेड्यूसर सहित उपलब्ध करना एवं लगाना ( बनावट : एस्ट्रल, सुप्रीम )** |
| 08. | **सुप्रीम )** |
| 09. | **दोनों शौचालयों में प्रत्येक शौचालय वाश बेसिन काउंटर में दो पिलर कॉक उपलब्ध करना एवं लगाना** |
| 10. | **दोनों शौचालयों में प्रत्येक शौचालय में तीन यूरिनल फ्लश उपलब्ध करना एवं लगाना** |

| | |
|---|---|
| 11. | दोनों शौचालयों में प्रत्येक शौचालय में एक सोप डिस्पेंसर की आपूर्ति करना एवं लगाना |
| 12. | दोनों शौचालयों में प्रत्येक शौचालय में आठ फ्लोर ट्रैप की आपूर्ति करना एवं लगाना |
| 13. | दोनों शौचालयों में प्रत्येक शौचालय में पांच बिब कॉक की आपूर्ति करना एवं लगाना |
| 14. | दोनों शौचालयों में प्रत्येक शौचालय में तीन यूरिनल ( हिन्डवेयर मेक ) उपलब्ध करना एवं लगाना |
| 15. | परिसर से सारा मलबा / अवशेष हटाना |

| क्रम संख्या | विवरण | संभावित समय अनुसूची |
|---|---|---|
| 01. | बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि | 26.02.2018 ( सोमवार ) |
| 02. | बिड प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि एवं समय | 06.03.2018 ( 17.00 बजे ) |
| 03. | तकनीकी बिड खुलने का दिनांक एवं समय | 08.03.2018 (11.30 बजे ) |
| 04. | योग्य बिड करने वालों की वित्तीय बोली खुलने की तिथि | 08.03.2018 ( 15.00 बजे ) |
| 05. | बिड खोलने का स्थान | प्रधान आयुक्त का कार्यालय, केन्द्रीय माल एवं सेवाकर, दिल्ली दक्षिण तीसरी मंजिल, ई आई एल एनेक्सी बिल्डिंग, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली -110066 |

23/02/18

(शिखर पन्त)

सहायक आयुक्त (प्रशासन)

केन्द्रीय कर, दिल्ली दक्षिण आयुक्तालय

**प्रस्ताव का अनुरोध**

**नई दिल्ली - 110066 के मौजूदा शौचालय ब्लाक के नवीनीकरण हेतु बिड / कोटेशन की सूचना**

**केन्द्रीय माल एवं सेवाकर आयुक्तालय, दिल्ली दक्षिण, दूसरी एवं तीसरी मंजिल, ई आई एल एनेक्सी बिल्डिंग, भिकाजी के नवीनीकरण हेतु टेंडर आमंत्रित करती है (तकनीकी बिड - परिशिष्ट क , और वित्तीय' बिड - परिशिष्ट ख अलग - अलग)**

2/- **टेंडर कागज़ात ई प्रोक्योरमेंट वेबसाइट 'जीईएम' अर्थात गवर्नमेंट इ मार्केटप्लेस से डाउनलोड किये जा सकते हैं। केन्द्रीय लोक प्रोक्योरमेंट पोर्टल जीईएम् द्वारा बिड / कोटेशन का ऑनलाइन प्रस्तुतिकरण अनिवार्य है । किसी भी परिस्थिति में हस्तचालित बिड / कोटेशन स्वीकार नहीं किये जायेंगे ।**

3/- **बिडर से यह अनुरोध किया जाता है की वे जी ई एम् वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें । टेंडर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन / संशोधन शुद्धि पत्र के माध्यम से इस वेबसाइट द्वारा ही सूचित किया जाएगा ।**

4/- **प्रस्तुतिकरण की अंतिम तिथि** 06.03.2018 **को शाम** 05.00 **बजे है । बिड / कोटेशन दिनांक** 08.03.2018 **को 11.30 बजे खोला जाएगा । यदि बिड खोलने की तिथि को कोई सरकारी छुट्टी का एलान किया जाता है, तो बिड / कोटेशन अगले कार्य दिवस पर उसी समय पर खोला जाएगा ।**

5/- **यदि एक ही बिड प्राप्त हुआ हो तो,** 7 **दिन का अतिरिक्त समय दिया जाएगा एवं उसके बाद प्राप्त बिड का मूल्यांकन किया जाएगा ।**

6/- **आयुक्त, केन्द्रीय कर, दिल्ली दक्षिण आयुक्तालय के पास यह अधिकार होगा की वे बिना कारण बताये किसी भी या सभी बिड को स्वीकार या रद्द कर सकते हैं । इस मामले में आयुक्त का निर्णय सभी के लिए अंतिम एवं स्वीकार्य होगा ।**

7/- **टेंडर प्रक्रिया के किसी भी चरण पर यदि यह पाया जाता है कि बिडर द्वारा प्रस्तुत कोई भी विवरण / कागज़ात झूठे / भ्रामक / नकली हैं तो उनके बिड इस मामले में यथोचित दंड के साथ रद्द / अयोग्य ठहराए जाने के योग्य पाए जायेंगे । यदि ऐसा रद्दीकरण / अयोग्यता बिड खुलने के बाद पायी जाती है तो प्रधान आयुक्त, केन्द्रीय कर, दिल्ली दक्षिण के पास यह अधिकार होगा की वे अगले बिडर पर विचार करें एवं इस पूरी प्रक्रिया को रद्द करने सहित अन्य कोई भी यथोचित कदम उठायें ।**

8/- **बिड / कोटेशन की प्रस्तुतिकरण की देय तिथि के पूर्व कभी भी, सहायक / उप आयुक्त ( मुख्यालय ) किसी भी कारण से, चाहे वो स्वयं की पहल पर हो या कंपनी द्वारा मांगी गयी स्पष्टीकरण की प्रतिक्रिया में आंशिक संशोधनों द्वारा टेंडर आमंत्रित करने हेतु सूचना ( एनआईटी) को संशोधित कर सकते हैं, जिसे वेबसाइट पर उपलोड कर दिया जाएगा ।**

9/- बिड / कोटेशन दिनांक 08.03.2018 को 11.30 बजे उन बिडर की उपस्थिति में खोला जाएगा, जो बिड खुलने के समय वहां उपस्थित होंगे । सूचना में उल्लिखित अनुसूची के अनुसार तकनीकी बिड/ कोटेशन पहले खोला जाएगा एवं वित्तीय बिड / कोटेशन बाद में खोला जाएगा ।

10/- ऐसे बिड / कोटेशन जिनकी वापसी की सूचना इस कार्यालय को प्राप्त हो गयी है, उन्हें नहीं खोला जाएगा। सिर्फ वही बिड / कोटेशन जो नियत तिथि और समय तक या उसके पहले इस कार्यालय को प्राप्त हो गए हों, और जिनमें सारी सूचना शामिल हो, उनपर ही विचार किया जाएगा ।

11/- एजेंसी को इस प्रयोजन हेतु प्रासंगिक सभी वैधिक प्रावधानों का अनुपालन करना होगा ।

23/02/18

सहायक आयुक्त ( प्रशासन )

केन्द्रीय कर, दिल्ली दक्षिण

संलग्नक

(i) नियम एवं शर्तें
(ii) तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड का प्रारूप
(iii) तकनीकी बिड के साथ प्रस्तुत की जाने वाले कागजातों की सूची
(iv) घोषणा का प्रारूप

प्रतिलिपि सूचना हेतु

1. अपर आयुक्त ( प्रशासन ), केन्द्रीय कर, दिल्ली दक्षिण, दिल्ली
2. अधीक्षक, सतर्कता, केन्द्रीय कर, दिल्ली दक्षिण, दिल्ली
3. अधीक्षक, प्रणाली, केन्द्रीय कर, दिल्ली दक्षिण, दिल्ली को इस अनुरोध के साथ की वे कृपया इसे सीबीईसी की वेबसाइट पर अपलोड करें .(www.cbec.gov.in)
4. आम जनता हेतु नोटिस बोर्ड पर .

23/02/18

सहायक आयुक्त ( प्रशासन )

केन्द्रीय कर, दिल्ली दक्षिण

## निविदा की नियम एवं शर्तें

1. निविदा के कागज़ात इ प्रोक्योरमेंट वेबसाइट गवर्नमेंट इ मार्केटप्लेस (जीईएम) से प्राप्त किये जा सकते हैं .केन्द्रीय प्रोक्योरमेंट पोर्टल जीईएम के द्वारा बिड / कोटेशन का ऑनलाइन प्रस्तुतिकरण अनिवार्य है . हस्तचालित/ ऑफलाइन बिड / कोटेशन किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा . बिडर से अनुरोध है की वे जीईएम की वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें . निविदा में कोई भी परिवर्तन / संशोधन एक शुद्धि पत्र के द्वारा इसी वेबसाइट के माध्यम से सूचित किया जाएगा
2. सेवा प्रदाता पंजीकृत कंपनी होना चाहिए और पंजीकरण दिल्ली - राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का ही होना चाहिए.
3. करार उस सेवा प्रदाता के साथ किया जाएगा जो न्यूनतम कोटेशन प्रस्तुत करता है एवं इस निविदा सूचना की सभी नियम एवं शर्तों को स्वीकार करता है .
4. बिड खुलने के 15 दिनों के अंदर कार्य समाप्त हो जाना चाहिए एवं इसी अनुसरण में बिल प्रस्तुत हो जाने चाहिए .
5. तकनीकी बिड दिनांक 08.03.2018 को 11.30 बजे केन्द्रीय कर, दिल्ली दक्षिण आयुक्तालय, तीसरी मंजिल, अन्नेक्सी भवन, ईआईएल बिल्डिंग, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066 में इस हेतु नियत समिति के समक्ष खोली जायेगी . जो भी चाहे, इस प्रक्रिया में शामिल हो सकता है .
6. आयुक्त के पास यह अधिकार होगा की वे किसी भी बिड को बिना कारण बताये रद्द कर दें .

23/02/18

सहायक आयुक्त ( प्रशासन )
केन्द्रीय कर, दिल्ली दक्षिण

फा.सं. I-22(10)/सीजीएसटी दिल्ली दक्षिण/ईएलटी/2017 दिनांक: 23.02.2018

प्रतिलिपि अग्रेषित

1. केन्द्रीय कर, दिल्ली दक्षिण, तीसरी मंजिल एनेक्सी भवन, ईआइएल बिल्डिंग, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066 का नोटिस बोर्ड
2. वेबमास्टर, प्रणाली महानिदेशालय, को इस अनुरोध के साथ की वे इसे सीबीईईसी की वेबसाइट पर अपलोड करें .

23/02/18

सहायक आयुक्त (प्रशासन)
केन्द्रीय कर, दिल्ली दक्षिण

**परिशिष्ट क**

**तकनीकी बिड ( विशेषक बिड कागज़ात )**

**निविदा कारक का नाम पता एवं दूरभाष संख्या**

**प्रदाता / साझेदार / निदेशकों का नाम एवं पता**

**तकनीकी बिड हेतु विशेषक मानदंड**

1. **हमने जीएसटीएन की पंजीकरण की प्रमाणित प्रति संलग्न की है** **हाँ / नहीं**
2. **हमारे पास वैध पैन है** **हाँ / नहीं**
3. **हमने पैन की प्रमाणित प्रति संलग्न की है** **हाँ / नहीं**

**मैंने / हमने निविदा सूचना के सभी नियम एवं शर्तों को पढ़ लिया है एवं हम इससे सहमत हैं .**

**घोषणा**

1. **मैं ..............................................................पुत्र / पुत्री / पत्नी श्री ................................................ उपर्युक्त उल्लिखित कंपनी / फर्म का स्वामी / निदेशक / प्राधिकृत हस्ताक्षरी हूँ एवं इस घोषणा पर हस्ताक्षर करने हेतु एवं निविदा कागजात को निष्पादित करने के लिए सक्षम हूँ .**
2. **मैंने निविदा की सभी नियम एवं शार्कों को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है और उनकी अनुपालना की घोषणा करता हूँ .**
3. **मेरी जानकारी एवं विचार के अनुसार उपर्युक्त आवेदन के साथ प्रस्तुत सूचना / कागज़ात सही एवं विश्वसनीय हैं . मुझे / हमें पूरी जानकारी है की गलत / भ्रामक सूचना या नकली कागज़ात प्रस्तुत करने से निविदा को किसी भी चरण पर रद्द किया जा सकता है .**

**दिनांक**

**स्थान**

**( प्राधिकृत हस्ताक्षरी के हस्ताक्षर दिनांक एवं मोहर सहित )**

**परिशिष्ट ख**

**वित्तीय बिड कागज़ात**

1. **पार्टी का नाम**
2. **पता ( दूरभाष संख्या एवं फैक्स संख्या )**
3. **स्वामी / साझेदार / निदेशक का नाम एवं पता ( मोबाइल नंबर सहित )**

**मैंने / हमने निविदा सूचना के सभी नियम एवं शर्तों को पढ़ लिया है एवं हम इससे सहमत हैं .**

**घोषणा**

**मैं / हम ..........................................................................................................यह प्रमाणित करते हैं कि मेरी जानकारी एवं विचार के अनुसार उपर्युक्त आवेदन के साथ प्रस्तुत सूचना / कागज़ात सही एवं विश्वसनीय हैं . मुझे / हमें पूरी जानकारी है की गलत / भ्रामक सूचना या नकली कागज़ात प्रस्तुत करने से निविदा को किसी भी चरण पर रद्द किया जा सकता है .**

**( प्राधिकृत हस्ताक्षरी के हस्ताक्षर दिनांक एवं मोहर सहित )**